आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।
- दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया जाएगा।
- पर्यटन विभाग की ओर से नाइट सी कायाकिंग के संचालन को विनियमित करने के लिए मसौदा दिशा–निर्देश पर लोगों से सुझाव मांगे गए हैं।
- खेल एवं युवा मामले विभाग अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह पुरस्कार व्यक्तियों और संस्थान की दो श्रेणियों में दिया जाएगा। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। पात्र व्यक्ति और संस्थान राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय उद्योग से उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौतों से अपार अवसर खुले है, जिससे भारतीय उद्योग पर उत्पादों की गुणवत्ता पर जोर देने की नई जिम्मेदारी आ गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि तीव्र आर्थिक विकास, विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आधारशिला है।

<><><><><><><>

सरकार ने पीएम मुद्रा योजना के अन्तर्गत आठ सौ 60 रुपये के अनुबंध शुल्क पर सात लाख रुपये का ऋण देने का दावा करने वाले फर्जी स्वीकृति पत्र का खंडन किया है।

पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि यह पत्र फर्जी है। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि पुनर्वित्त एजेंसी सीधे जनता या छोटे उद्यमियों को ऋण नहीं देती है। इसके बजाय, मुद्रा राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, लघु वित्त संस्थानों, लघु वित्त बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है जो सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के लिए ऋण प्रदान करते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में 7 मार्च को कालीकट और सिप्पीघाट ग्राम पंचायत के लिए और 8 मार्च को वन्डूर, गुप्तापाड़ा और हम्फ्रीगंज पंचायत के लिए सुबह 10 बजे सार्वजनिक सुनवाई रखी गई है। इससे पहले जिला स्वास्थ्य समिति और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से संबंधित स्थानों पर सुबह 7 से योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टीम विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य विभागीय बुनियादी ढांचों का दौरा करेगी। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों और आम जनता को उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से दूरदराज के क्षेत्रों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाते हुए, हाल ही में कार निकोबार के बिशप हाउस के पास मूस गांव में एक 'मोबाइल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया गया। इस पुस्तकालय का उद्घाटन कार निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले ने किया। उद्घाटन के दौरान जिला उपायुक्त ने पुस्तकों की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि पढ़ना ज्ञान, मूल्यों और आलोचनात्मक सोच को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर निकोबार अंचल के शिक्षा अधिकारी स्वपन पाइक ने इस पहल के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस मोबाइल लाइब्रेरी के संचालन के लिए परिवहन विभाग द्वारा बस प्रदान की गई है, ताकि यह आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सके।

<><><><><><><>

श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद की ओर से शहर में पानी की बर्बादी को कम करने, बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा देने और इस बहुमूल्य संसाधन को बचाने के लिए 'लीकेज रोकें, पानी बचाएं' अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत बढ़ती मांग को देखते हुए पेयजल की बर्बादी को रोकने, समान जल वितरण सुनिश्चित करने और लीकेज की पहचान कर जल्द मरम्मत करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इसके लिए परिषद ने अंडमान लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें सभी वार्डों में जाकर पाइपलाइनों की जांच कर रही हैं। परिषद ने नागरिकों से अपनी पानी की टंकियों में फ्लोट वाल्व लगवाने और अपने घर के नल और पाइपों की नियमित जांच करने को कहा है। संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से भी पानी का जिम्मेदार उपयोग की अपील की गई है। किसी भी तरह की शिकायत होने पर लोगों से नगरपालिका नियंत्रण कक्ष के 231179 और ग्रामीण क्षेत्र में APWD जल नियंत्रण कक्ष के 251185 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से द्वीप समूह में नाइट सी कायाकिंग के संचालन को विनियमित करने के लिए मसौदा दिशा–निर्देश तैयार किए गए हैं। इसका उद्देश्य द्वीप समूह में रात के समय समुद्री कायाकिंग के सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन के लिए नियम बनाना है। इन मसौदा दिशा–निर्देशों को आम जनता, पर्यटन हितधारकों और विभिन्न विभागों से सुझाव, टिप्पणियाँ और इनपुट के लिए निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। सभी टिप्पणियाँ, सुझाव, और इनपुट निर्धारित प्रारूप में भरकर 12 मार्च तक निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं। प्रासंगिक और रचनात्मक पाए जाने वाले इनपुट को दिशा–निर्देशों के अंतिम संस्करण में शामिल किया जाएगा।

<><><><><><>

आईसीसी टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7 बजे से मैच खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कल रात न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया है।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा शिक्षा विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 और 8 मार्च को नेताजी स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। दो श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

इसके अलावा रस्साकशी, पासिंग द बॉल और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं सभी के खुली रहेंगी। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से एरोबिक और जुम्बा का प्रदर्शन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम पी ई टी शामली बैरागी के पास 7 मार्च, सुबह 8 बजे तक दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी कल शाम साढ़े पांच बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क है।

<><><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी, रंगत कार्यालय ने ICDS रंगत के तहत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिका के खाली पड़े पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 09 मार्च शाम 5 बजे तक अपना आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, रंगत में जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार रंगत और मायाबंदर के पंचायत समिति प्रमुख के कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इस पद के लिए केवल उन्हीं उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो संबंधित आंगनवाड़ी केंद्रों के कवरेज क्षेत्र के मूल निवासी हैं। योग्यता, मानदेय, पात्रता मानदंड और आवेदन के प्रारूप की विस्तृत जानकारी समाज कल्याण निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मार्च माह के लिए बैरन द्वीप के लिए विशेष राउंड क्रूज यात्राओं की घोषणा कर दी है। जहाज 'नालंदा' निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च तथा 27 मार्च को रात 9 बजे रवाना होगा। यात्री जहाजरानी सेवा निदेशालय के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से टिकट बुक करा सकते हैं।

<><><><><><><>